दिनांक : 19.09.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- रीवा में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे 162 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास।
- नई दिल्ली में आज केंद्रीय कृषि मंत्री की अध्यक्षता में कृषि मशीनरी पर जीएसटी सुधारों को लेकर होगी बैठक।
- दुबई में आयोजित यूनिवर्सल डाक कांग्रेस में भारत को पोस्टल ऑपरेशन्स काउंसिल और काउंसिल ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन में चुना गया।
- एशिया कप क्रिकेट में श्रीलंका ने कल अफगानिस्तान को छह विकेट से हराकर सुपर-4 में जगह बनाई।
- बीते 24 घंटे में प्रदेशभर में जोरदार बारिश, आज 16 जिलों में तेज़ बारिश का येलो अलर्ट जारी।

मुख्यमंत्री-रीवा-विकास कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रीवा जिले के त्योंथर विधानसभा में आज 162 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर वे निवेशक उद्यमियों से चर्चा करेंगे और औद्योगिक क्षेत्र घूमा में निवेश करने वाले उद्योगपतियों को भूमि आवंटन पत्र भी प्रदान करेंगे। जिन कार्यों का शिलान्यास होगा उनमें 124 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र, टमस नदी पर पुल, कई सड़कें और पहुंच मार्ग शामिल हैं।

जीएसटी-शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में कृषि मशीनरी पर जीएसटी सुधारों को लेकर बैठक हो रही है। इसमें ट्रैक्टर और कृषि यंत्रीकरण से जुड़े प्रमुख संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। बैठक का उद्देश्य जीएसटी दरें घटाकर 5 प्रतिशत करने के निर्णय का लाभ किसानों तक पहुँचाना सुनिश्चित करना है। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिए गए इस फैसले से ट्रैक्टर व मशीनरी 7 से 13 प्रतिशत तक सस्ती होंगी और किसानों को सब्सिडी का दोहरा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री-शॉर्ट फिल्म “चलो जीते हैं”

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल के सिनेपोलिस बंसल प्लाजा में शॉर्ट फिल्म “चलो जीते हैं” देखी और इसकी मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाल्यकाल की परिस्थितियों पर बनी यह फिल्म एक आदर्श और प्रेरणादायक कृति है, जो आधे घंटे की अवधि में ही कथा सार को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 18 से 24 सितम्बर तक पूरे प्रदेश में इस फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है, ताकि लोग उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें।

मुख्यमंत्री-कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल कटनी जिले के बड़वारा में लगभग 233 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कटनी प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला प्रमुख जिला है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में हुए माइनिंग कॉन्क्लेव के माध्यम से कटनी में 56 हजार करोड़ रुपए का निवेश आया है, जिससे क्षेत्र में रोजगार और व्यापार की नई संभावनाएं खुलेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कटनी को “कनकपुरी“ बनने की दिशा में आगे बढ़ते हुए बताया कि यहां कोयला, लाइमस्टोन, क्रिटिकल मिनरल्स के साथ अब सोना भी मिलने वाला है। उन्होंने दो सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण कर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इन विद्यालयों की सुविधाएं किसी बड़े शहर के प्राइवेट स्कूल से कम नहीं हैं।

सिंधिया-28वें यूनिवर्सल डाक कांग्रेस

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल बताया कि दुबई में हुई 28वीं यूनिवर्सल डाक कांग्रेस में भारत को दो महत्वपूर्ण परिषदों-पोस्टल ऑपरेशन्स काउंसिल और काउंसिल ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन में स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की सक्रिय भूमिका का नतीजा है। श्री सिंधिया ने जोर देकर कहा कि दुनिया के सबसे बड़े डाक नेटवर्क के साथ भारत नवाचार, वित्तीय समावेशन और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाएगा और वैश्विक डाक व्यवस्था को नई दिशा देगा।

सेवा पर्व-विशेष श्रृंखला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि में तकनीक संचालित परिवर्तन हो रहे है। विशेष श्रृंखला में हम खेती में हमारे किसानों के नवाचार समावेशिता और समृद्धि की ओर बढते कदमों के लिए नरेंद्र मोदी सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जा रहा है।

जीएसटी सुधार

वस्तु और सेवा कर की नई दरें सोमवार 22 सितम्बर से लागू हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस सम्बोधन में अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधारों की घोषणा की थी। आज हम वाणिज्यिक मालवाहको पर लगने वाले कर में रियायत का उल्लेख कर रहे है।

क्रिकेट एशिया कप

एशिया कप टी-20 क्रिकेट में श्रीलंका ने कल अफगानिस्तान को छह विकेट से हराकर सुपर -4 में जगह बनायीं । इस जीत के साथ श्रीलंका ने ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। आज भारत अपने ग्रुप-ए के अंतिम मुकाबले में अबूधाबी के शेख जायद स्टेडियम में ओमान से खेलेगा। मैच शाम आठ बजे से खेला जाएगा।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बीते 24 घंटों के दौरान जोरदार बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आज रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा और पांढुर्णा सहित 16 जिलों में भारी वर्षा की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- “स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान“ के अंतर्गत जिला कलेक्टर नेहा मीना ने झाबुआ के खरडूबड़ी और दौलतपुरा उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और अन्य लाभार्थियों की जांच व्यवस्था की जानकारी ली।
- यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की अस्थायी सूची में भारत के सात नए प्राकृतिक धरोहर स्थलों को शामिल किया गया है। भारत के स्थलों की संख्या अब 62 से बढ़कर 69 हो गई है।
- राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आगरमालवा मैं कल आयोजित किए गए जिला स्तरीय जागरूकता सत्र में “बच्चों एवं किशोरियों में मोटापे की पहचान एवं स्वस्थ आहार“ विषय पर परामर्श दिया गया।
- खंडवा- नई दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन में आज सुरमयी सांस्कृतिक संध्या की चौथी प्रस्तुति में निमाड़ी लोकगायन का आयोजन किया जाएगा।

-------